भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या. 1772
(जिसका उत्तर सोमवार, 31 जुलाई, 2023/9 श्रावण, 1945 (शक) को दिया गया)

कारपोरेट फर्मों में कार्यरत कर्मचारी

1772. श्री एम. बदरूद्दीन अजमलः

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास वर्तमान समय देश में कारपोरेट फर्मों में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या के संबंध में कोई आंकड़े उपलब्ध हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में संगठित फर्मों द्वारा सृजित और प्रदान किए गए रोजगार की वर्ष-वार संख्या कितनी है?
(घ) यदि नहीं, तो ऐसा करने के लिए सरकार की क्या योजना है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (ग): जी, नहीं। कारपोरेट कार्य मंत्रालय देश में कारपोरेट फर्मों में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या के संबंध में आंकडे नहीं रखता है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सूचित किया है कि उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई) के आधार पर संगठित विनिर्माण क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों की कुल अनुमानित संख्या से संबंधित आंकड़े निम्नानुसार हैं:

एएसआई वर्ष	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
कर्मचारियों की संख्या	1,42,99,710	1,49,11,189	1,56,14,619	1,62,80,211	1,66,24,291

इसके अतिरिक्त, उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई) के आंकड़ों के आधार पर संगठित कारपोरेट विनिर्माण क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों की कुल अनुमानित संख्या निम्नानुसार है:

एएसआई वर्ष	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
कर्मचारियों की संख्या	1,05,18,418	1,09,52,677	1,13,06,671	1,18,77,675	1,24,89,133

एएसआई में, कारपोरेट विनिर्माण क्षेत्रों को सरकारी कंपनी-सार्वजनिक, सरकारी कंपनी-निजी, गैर-सरकारी कंपनी-सार्वजनिक और गैर-सरकारी कंपनी-निजी के लिए संगठन के प्रकार के आधार पर परिभाषित किया जाता है। लोक उद्यम विभाग ने कहा है कि यद्यपि उनके पास कारपोरेट और संगठित फर्मों में रोजगार सृजन से संबंधित आंकडे नहीं हैं, तथापि, लोक उद्यम सर्वेक्षण रिपोर्टों के अनुसार, पिछले 5 वर्षों में केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
कर्मचारियों की संख्या	14,66,694	15,14,064	14,73,810	13,72,069	14,62,207

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने पिछले 5 वर्षों में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के कर्मचारियों के लिए नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (नैसकॉम) से संबंधित डाटा प्रदान किया है जो निम्नानुसार है:

	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23(ई)
रोजगार (लाख में)	41	43.6	44.7	51	54

ई: अनुमानित

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) ने सूचित किया है कि 26.07.2023 की स्थिति को उद्यम पंजीकरण पोर्टल के तहत पंजीकृत 1,77,55,007 एमएसएमई के लिए एमएसएमई में नियुक्त व्यक्तियों की कुल संख्या 12,26,89,030 है।

*****